C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 29 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. सोमवार, 14 जुलाई 2025

पति परमेश्वर के साथ प्रीति...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महिला चिकित्सक से की मनचलों ने सरेराह छेड़खानी

**हल्द्वानी** । नगर में अराजकता आजकल चरम सीमा पर देखने को मिल रही है जहां पुलिस के आला अधिकारी आए दिन यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि शहर पूरी तरह से अपराध मुक्त है लेकिन अपराधी पुलिस के सिर चढ़कर अपना पांडव मचा रहे हैं बीती रात महिला चिकित्सक से मनचलों ने सरेराह छेड़खानी का मामला सामने आया है। यहां बीती रात घर लौट रही महिला चिकित्सक को बाइक सवार मनचलों ने जबरन छेड़छाड़ की और जब चिकित्सक ने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने अश्लील कमेंट किए और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दो युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आज़ाद समाज पार्टी की एक सभा का आयोजन

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी की एक सभा का आयोजन भीमताल ग्राम पंचायत पाण्डेछोड़ में किया गया सभा की अध्यक्षता आसपा के कुमाऊँ मंडल प्रभारी लेखराज गौतम नें की और संचालन भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान नें किया, सभा में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, विशिष्ट अतिथि आसपा के जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य की मौजूदगी में दर्जनों लोगों नें चंद्रशेखर आज़ाद की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देख कर सदस्यता ग्रहण की और भीम आर्मी, आज़ाद समाज पार्टी को मज़बूत करने का प्रण लिया, जीवन चंद्र आर्य नें जिला कार्यकारिणी का गठन करते हूए कंचन कुमार गौतम को जिला उपाध्यक्ष बनाया, नफीस अहमद खान नें ललित कुमार को भीम आर्मी का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया, वक्ताओं नें सभा को सम्बोधित करते हूए कहा कि अब समय आ गया है कि दलित और मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हम सब लोग एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करेंगे।

# कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, 73 सड़कें बंद

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

बारिश के बाद मलबा आने से 73 सड़कें अब भी बंद हैं। यह हाल तब है जबकि शासन ने दो घंटे के भीतर बंद सड़कों को खोलने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में सोमवार को भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है । इसके अलावा अन्य जिलों में भी गर्जन के साथ तेज दौर की



बारिश होने की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो प्रदेश भर में 19 जुलाई तक गर्जन के साथ तेज

**मौसम**

- दो घंटे के भीतर बंद सड़कों को खोलने के निर्देश दिए
- प्रदेश में रविवार की सुबह 81 सड़कें थीबंद

दौर की बारिश होने की संभावना है। पिथौरागढ़ जिले में मिलम-मुनस्यारी सीमा मार्ग तीसरे दिन भी नहीं खुला। बारिश के बाद मलबा आने से 73 सड़कें अब भी बंद हैं। यह हाल तब है जबकि शासन ने दो घंटे के भीतर बंद सड़कों को खोलने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। बारिश के बाद मिलन-मुनस्यारी सीमा मार्ग का किलोमीटर 22 पर कुछ हिस्सा बह गया था।

वहीं, इसी मार्ग में किलोमीटर 24 पर मलबा आया हुआ है। जिसे वाहनों की आवाजाही के लिए रविवार को तीसरे दिन भी नहीं खोला जा सका है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक प्रदेश में रविवार की सुबह 81 सड़कें बंद थी। देर शाम तक आठ सड़कों को खोल दिया गया है। जबकि विभिन्न जिलों में 73 सड़कें अब भी बंद हैं।

# तीन स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी मेल के जरिए मिली है। इस खबर के बाद दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। खबर लगते ही स्कूल में हड़कंप मच गया।

दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी स्कूलों को मेल से भेजी गई है। इनमें से एक चाणक्यपुरी और दूसरा द्वारका और तीसरा प्रशांत विहार का है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि तलाशी के दौरान अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। जांच की जा रही है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह दिल्ली के तीन स्कूलों में बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि सुबह करीब 8 बजे पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर 16 स्थित सीआरपीएफ स्कूलों के साथ-साथ चाणक्यपुरी स्थित एक



अन्य स्कूल से बम की धमकी के बारे में कॉल आई ।

आगे कहा कि पुलिस दल तुरंत स्कूल परिसर की जांच के लिए पहुंची। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि सोमवार सुबह द्वारका उत्तर थाने को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें सीआरपीएफ स्कूल में बम की धमकी की सूचना दी गई थी। इलाके की तुरंत तलाशी ली गई। स्थानीय पुलिस, खोजी कुत्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और जांच की।

उन्होंने आगे कहा कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं।डीसीपी ने कहा कि स्कूल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

बीते साल भी दिल्ली के 40 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। कई मामलों में दिल्ली पुलिस कार्रवाई भी कर चुकी है। लेकिन कई मामले पुलिस के लिए चुनौती भी बने।

# कालनेमि अभियान: बदरीनाथ धाम में मिले दो संदिग्ध बाबा, जांच, 600 बाबाओं का सत्यापन किया

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

ऑपरेशन कालनेमि के तहत अब तक 60 से अधिक छद्म वेषधारी गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि के मूल स्वरूप और अस्तित्व को बचाने के संकल्प पर वह अडिग हैं, यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा। लैंड जिहाद और लव जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्य में चलाए जा रहे अभियान कालनेमि के तहत पुलिस ने बदरीनाथ धाम में भी साधुओं की जांच और सत्यापन का काम शुरू कर दिया है। इस क्रम में पुलिस ने रविवार को कई बाबाओं को थाने बुलाकर दस्तावेजों की जांच की। दो बाबा संदिग्ध मिले हैं, उनके पहचानपत्रों की जांच की जा रही है। बदरीनाथ धाम की यात्रा शुरू होने के बाद वहां बाबाओं का तांता लग जाता है। पुलिस की ओर से बीच-बीच में बाबाओं के सत्यापन का अभियान चलाया जाता है। बदरीनाथ थाना प्रभारी नवनीत भंडारी ने बताया कि धाम में इस बार 600 बाबाओं का सत्यापन किया गया था, उनमें से कई बाबा यहां से जा चुके हैं।

जो नए साधु यहां आ रहे हैं, उन्हें थाने में बुलाकर सत्यापन किया जा रहा है। बदरीनाथ धाम में दो संदिग्ध बाबा मिले हैं जो बंगाल के बताए जा रहे हैं। उनके पहचान पत्रों की जांच की जा रही है।



# फैक्ट्री से उठे रहे जहरीले धुंए पर क्षेत्रवासियों ने आपत्ति जताई

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नगर के कमलुआगांजा स्थित घनी आबादी वाले गिरिजा विहार व बोरा कालोनी क्षेत्र में एक फैक्ट्री से उठे रहे जहरीले धुंए पर क्षेत्रवासियों ने आपत्ति जतायी है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि धुंए के निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे लोगों को स्वास्थ्य व पर्यावरणीय दृष्टि से कोई नुकसान न पहुंचे।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक कई वर्ष पूर्व भी फैकट्री से धुएं उठने का मामला सामने आता है उसके बाद फिर प्रशासन से शिकायत करने के बाद धुआं आना बंद हो गया था लेकिन बीते कुछ दिनों से फिर सुबह व शाम के वकत फैकटी से धुंआ उठना शुरु हो गया है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि गिरिजा बिहार व बोरा कालोनी क्षेत्र में काफी आबादी निवास करती है और यह धुंआ उठकर क्षेत्र के वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। कहा कि इससे कई तरह की बीमारियां होने की संभावना है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए फैकट्री से उठ रहे जहरीले धुएं के समाधान के लिए उचित व्यवस्था करने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर उसके पास फिर मामले के समाधान के लिए आंदोलन ही एक मात्र रास्ता बचता है।

# रुद्रपुर पहुंचे गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के कमिश्नर, कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में 19 जुलाई को आयोजित होने जा रहा निवेश उत्सव का शुभारंभ गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।

इसकी तैयारियों को लेकर गढ़वाल मंडलायुक्त एवं उद्योग सचिव विनय शंकर पांडेय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्व करने के निर्देश दिए। उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में तीन लाख 56 हजार करोड़ निवेश के लिए एमओयू हुआ है। दो ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन हो चुका है। अब तीसरा ग्राउंड सेरेमनी 19 जुलाई को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। सोमवार को गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय



व सचिव उधोग, कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यहां लग रहे पंडाल, स्टाल को देखा। साथ ही कुछ परिवर्तन करते हुए समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट उत्तराखंड का है। इसमें तीन लाख 56 हजार करोड़ का निवेश हो रहा है। बताया कि 2023 को इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था। इसके दो ग्राउंड सेरेमनी पहले हो चुकी है। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं शुभारंभ किया था। दूसरा

**तैयारी**

- 19 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह पहुंचेंगे रुद्रपुर,निवेश उत्सव का करेंगे शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया और यह यह तीसरा निवेश उत्सव है, जिसमें। जिसमें 19 जुलाई को 12 बजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचेंगे। यहां हम जितने एमओयू हुए थे उसमें धरातल पर कितने निवेश उतरे हैं ,उसे गृह मंत्री और जनता के समक्ष रखेंगे। सुरक्षा की व्यवस्था देखने के लिए एसएसपी को निर्देश दिए हैं।

यहां वही कम्पनी को आमंत्रित किया है, इस मौके पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसएसपी मणिकांत मिश्रा आदि मौजूद थे।

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों उमड़ी भीड़

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सावन के पहले सोमवार पर आज शिवालयों के बाहर सुबह से लंबी कतार लगी है। सावन में भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का विशेष महत्व है।

देवभूमि उत्तराखंड आज भोलेनाथ के जयकारों से गूंज रही है। आज सावन महीने का पहला सोमवार है। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ है। सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। महानगर में प्रात: से ही शिवभक्तो ने पूजा अर्चना की और जल चढ़ाया। शिव मंदिर रेलवे बाजार, पिपलेश्वर महादेव मंदिर पटेल चौक, आवलेश्वर मंदिर, कालू सिद्ध बाबा मंदिर, बेल बाबा मंदिर, खाटू श्याम मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना और जलाभिषेक कर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।





## NEWS / फटाफट

### एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम



**नैनीताल ।** टांकी बैंड नैनीताल के आलमा हाउस क्षेत्र में रविवार को प्रेरणा संघ सात नंबर की सदस्यों द्वारा वन विभाग नैनीताल के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने प्रतिभाग किया। विधायक सरिता आर्या ने एक पेड़ माँ के नाम से लगाया और संघ के सदस्यों की इस महत्वपूर्ण पहल के लिए सराहना की। इस दौरान अध्यक्ष प्रीता पांडे, सचिव ममता जोशी, कोषाध्यक्ष हिमांशु तिवारी, सभासद जीनू पांडे, हरीश राणा, सुमन तिवारी, सुमन रावत, कमला बिष्ट, कमला बुधलाकोटी, चित्रा पंत, जया बिष्ट, राधा गोसाई, आशा बिष्ट, चंपा पांडे, स्मिता तिवारी, गीता तिवारी, कौशल्या बिष्ट, गीता बुधलाकोटी, मंजू पांडे, हेमा जोशी, उमा,ख्के.डी. तिवारी, सदानंद जोशी, जीवन चंद जोशी व जानकी मठपाल एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पेश की मिसाल, पर्यटक दंपत्ति का पर्स लौटाया



**नैनीताल।** शहर में घूमने आई एक पर्यटक महिला का पर्स लौटाकर नैनीताल पुलिस ने एक बार फिर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। झांसी से नैनीताल घूमने पहुंचे कीर्ति साहू अपने पति के साथ तल्लीताल डांठ क्षेत्र में भ्रमण कर रही थीं। इसी दौरान उनका पर्स वहां एक बेंच पर छूट गया, जिसमें नगदी के अलावा कई कीमती सामान मौजूद थे। पर्स को सड़क किनारे लावारिस हालत में पड़ा देख एसआई सुनील कुमार ने उसे उठाकर अपने पास सुरक्षित रख लिया, और पर्स मालिक की तलाश शुरू कर दी गई। कुछ देर बाद जब कीर्ति साहू अपने पर्स को ढूंढती हुई पुलिस के पास पहुंचीं, तो उनकी पहचान सुनिश्चित करने के बाद एसआई सुनील कुमार और मनोज कंबोज ने वह पर्स उन्हें सौंप दिया। अपना कीमती सामान सुरक्षित वापस पाकर पर्यटक दंपत्ति भावुक हो उठे और पुलिस की ईमानदारी की दिल से सराहना की। उन्होंने नैनीताल पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि यहां की पुलिस न केवल पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, बल्कि अपनी ईमानदारी और संवेदनशीलता से शहर की छवि को और भी बेहतर बना रही है। नैनीताल पुलिस की इस पहल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि उत्तराखंड को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता, यहां इंसानियत और सच्चाई अब भी जिंदा है।

### ट्रेन से हरिद्वार जा रही किशोरी की संदिग्ध हालत में मौत

**रुद्रपुर।** काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस से सहेली के साथ हरिद्वार जा रही किशोरी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसका पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम को बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी। पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी एआरटीओ रोड छड़ैल निवासी 17 वर्षीय विनीता राजपूत पुत्री श्याम लाल रविवार रात को अपनी सहेली प्रियंका के साथ काठगोदाम रेलवे स्टेशन से हरिद्वार के लिए ट्रेन में बैठी थी। लालकुआं पहुंचे पर विनीता की हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गई। यह देख उसकी सहेली और अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर रेल कर्मियों ने एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। जिसके बाद उसे उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही मृतका के परिजन भी रुद्रपुर आ गए, उसकी लाश देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी गणेश भट्ट पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली।



# एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल की मासिक बैठक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एकता जन सेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल की मासिक बैठक हल्द्वानी स्थित अंबेडकर नगर पंचायत भवन में संपन्न हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पदाधिकारी को जिम्मेदारी सोपी गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिसमें महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं जिम्मेदारी सौंपी गई, साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई जिसमें एकता जन सेवा फाउंडेशन की तरफ से भारत रत्न सम्मानित राकेश चंद्र ऑस्मिन जी के आगमन पर रणनीति तैयार की गई जिसमें प्रशासन द्वारा सहयोग की अपील की गई है। शिवम सिंह ठाकुर ने बताया कि एकता जन सेवा फाउंडेशन में लोगों का रुझान देखने को मिल रहा है बढ़ चढ़कर लोग इसका सहयोग कर रहें हैं और शामिल होकर जन सेवा कर रहे हैं। बैठक में संगठन के प्रदेश नवनियुक्त संगठन मंत्री जीतू सागर, नवनियुक्त प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर दास पाल, नव नियुक्त महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शशि गुप्ता, नगर सचिन लक्ष्मी देवी, संगठन के एक्टिव मेंबर्स मोहम्मद नबी संगठन, एक्टिव मेंबर रिंकी कश्यप, नवनियुक्त नगर महासचिव प्रकाश आर्य, प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खनस्यूं- पतलोट मुख्य सड़क यथाशीघ्र स्वीकृति की मांग की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ओखलकांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामपंचायत गलनी की आबादी लगभग 3000 है और वोटर लिस्ट की माने तो वर्तमान में 800 लगभग वोटर है गांव का एरिया लगभग 8-10 किलोमीटर तक फैला हुआ है और गांव के दोनों ओर पीडब्ल्यूडी की सड़क है और जहां गांव की मुख्य आबादी है वहां सड़क ही नहीं है ग्रामीणों को मुख्य सड़क खनस्यूं-पतलोट तक दैनिक आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क नहीं होने से किसान परेशान है और अपनी फसल को मुख्य सड़क तक खुद लाने के लिए मजबूर है। किसानों को अपनी फसल मुख्य सड़क तक पहुंचाना ही चुनौतीपूर्ण है। ग्रामीण लम्बे समय से सड़क बनवाने की मांग करते आए है सड़क सुविधा नहीं होने से किसानो ने काश्तकारी में भी अपनी रुचि कम करने लग गए। वर्ष 2023 में सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट ऑनलाइन प्रोजेक्ट आईडी 2748 बना के शासन को प्रेषित किया था। ग्रामीण लंबे समय से लगातार शासन स्तर से लेकर



उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और पीडब्ल्यूडी के सचिव को वर्षो से पत्र प्रेषित करते करते थक चुके हैं मंत्री सतपाल महाराज भी पीडब्ल्यूडी के सचिव को कई बार सड़क स्वीकृति के निर्देश दे चुके है लेकिन ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शासन स्तर से यथाशीघ्र सड़क स्वीकृति का संज्ञान नहीं लिया गया तो ग्रामीण अपनी व्यथा को लेकर सड़क एवं परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित भारत सरकार के मंत्रालयो का रुख करेंगे। वहीं गलनी जामनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल बर्गली ने कहा है कि प्रस्तावित सड़क निर्माण में वन विभाग की भूमि का कोई भी हस्तक्षेप नहीं है और शासन स्तर से यथाशीघ्र स्वीकृति की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमें में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# महिला को आत्महत्या को प्रेरित करने में दुकान स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आवास विकास में एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर के आधार पर एक दुकान स्वामी के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से बेतालघाट नैनीताल निवासी 28 वर्षीय रेखा पत्नी ओमप्रकाश आवास विकास में किराये के मकान में अकेली रहती थी और एक दुकान पर काम करती थी। जबकि उसका पति ओमप्रकाश जयपुर में नौकरी करता है। विगत दिवस रेखा ने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ी हुई थी। उसे बगल में रह रहा किराएदार अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने के बाद जयपुर से पति और परिवार के अन्य लोग मोर्चरी पहुंचे। इस मामले में मृतका का पति ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में एक दुकान स्वामी पर आत्म हत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी मुखर्जी नगर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र बाबू लाल की दुकान पर काम करती थी। कृष्ण कुमार मूल रूप से फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है और वर्तमान में मुखर्जी नगर में निवास कर रहा है। आरोप है कि कृष्ण कुमार ने काम के बहाने उसकी पत्नी का मोबाइल नंबर लिया और लगातार नजदीकियां बढ़ाने लगा।

आरोप है कि कृष्ण कुमार अक्सर रेखा को मिलने के लिए बुलाता था और मना करने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। यहां तक कि उसकी सैलरी भी रोक दी गई। लगातार मानसिक दबाव के चलते रेखा ने 12 जुलाई को जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र आर्या सौंपी है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

# अमेरिका से मेंडल जीत कर लौटे मुकेश पाल का जोरदार स्वागत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में उत्तराखंड पुलिस की सीआईडी शाखा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मुकेश पाल ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए देशवासियों का दिल जीत लिया। उन्होंने कड़ी टक्कर के बीच रजत पदक अपने नाम किया। जिससे भारत और उत्तराखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरव से चमक उठा। यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है।

अमेरिका से स्वदेश लौटने के बाद रुद्रपुर में मुकेश पाल का अभूतपूर्व और आत्मीय स्वागत किया गया। वह डीडी चौक पहुंचे, खेल प्रेमियों और पाल समाज के सैकड़ों लोगों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। इसके बाद मुकेश पाल गंगापुर रोड भाजपा नेता सुरेश कोहली के कार्यालय में आयोजित में पारंपरिक ढंग से माल्यार्पण कर पुष्पवर्षा की गई।




**कठिन परिस्थितियों में इस मुकाम तक पहुंचा**

प्रतिभाशाली खिलाड़ी मुकेश पाल का कहना था कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच भी निरंतर अभ्यास और समर्पण से पहले कनाडा में कांस्य पदक और फिर अमेरिका में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अपनी यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करते हुए युवाओं को प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में खेल प्रेमियों की आंखों में गर्व, सम्मान और उम्मीद की चमक उठी।

खेलप्रेमियों और नागरिकों में उनके साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने की जबरदस्त उत्सुकता दिखाई दी।

इस कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा,सुरेश कोली,उत्तम दत्ता, महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री रश्मि रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, पार्षद रवि पाल,रमेश पाल, मक्खन पाल, अनुराग सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। यहां मुकेश पाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## जीवन का उद्देश्य

*परीक्षा में अधिक नम्बर लाने के लिए दबाव बनाते हैं। डाक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बनने का लक्ष्य खुद निर्धारित करते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तराखंड के स्कूल में संबोधन के दौरान बच्चों को कम और अभिभावकों की जिम्मेदारी पर ज्यादा सुझाव दिये। अभिभावक यह तय नहीं करें कि उनके बच्चे के जीवन का उद्देश्य क्या होगा। यदि ऐसा करेंगे तो वे सब केवल पैसे या सत्ता के पीछे दौड़ेंगे। ऐसा होने पर वैज्ञानिक कहां से आयेंगे? खगोलशास्त्री कहां से आयेंगे? वे लोग कहां से आयेंगे जो पूरे विश्व की दिशा तय करते हैं?*

धनी बनने की लालसा अनेक बार संकट का कारण बनती है। अभिभावक अपनी अपूर्ण इच्छाओं को पूरा करने की बच्चों से उम्मीद रखते हैं। परीक्षा में अधिक नम्बर लाने के लिए दबाव बनाते हैं। डाक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बनने का लक्ष्य खुद निर्धारित करते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तराखंड के स्कूल में संबोधन के दौरान बच्चों को कम और अभिभावकों की जिम्मेदारी पर ज्यादा सुझाव दिये। अभिभावक यह तय नहीं करें कि उनके बच्चे के जीवन का उद्देश्य क्या होगा। यदि ऐसा करेंगे तो वे सब केवल पैसे या सत्ता के पीछे दौड़ेंगे। ऐसा होने पर वैज्ञानिक कहां से आयेंगे? खगोलशास्त्री कहां से आयेंगे? वे लोग कहां से आयेंगे जो पूरे विश्व की दिशा तय करते हैं? सच यह है कि मातृत्व-पितृत्व सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, जो केवल अपने बच्चों के प्रति ही नहीं है, बल्कि पूरी मानवता के प्रति है। भारत में निरक्षरता का संकट नहीं है। साक्षरता का उद्देश्य बहुत पहले हासिल किया जा चुका है। भारत अब संभावनाओं वाला देश बन चुका है। परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष में कदम रखने वाला और वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धियों वाले देश की पहचान बन चुका है। हर छात्र को यह समझना चाहिए कि उसकी सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र की पूंजी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे युवाओं को सम्बोधित करने के साथ ही देश, समाज और परिवार की बुनियाद नौनिहालों को शेरवुड स्कूल में जीवन के सिद्धांत बताये। उपराष्ट्रपति की यह पहल आगे भी जारी रहनी चाहिए। दरअसल राष्ट्रपति, राज्यपाल, शिक्षा मंत्री विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में डिग्री बांटने की औपचारिकता निभाते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं का दिशा निर्देशन उचित है, परन्तु उसके साथ स्कूलों में बच्चों का मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। अधिकारी सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण करके व्यवस्था देखते हैं। शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करते हैं। अधिकारियों को बच्चों और अभिभावकों से संवाद करने का कार्यक्रम निर्धारित करना चाहिए। उच्च पद के माननीय भी स्कूलों में बच्चों को अपने जीवन के अनुभव के आधार पर सीख देंगे, तो राष्ट्र निर्माण में योगदान की बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। उत्तराखंड के युवाओं में सेना और अन्य सुरक्षा बलों में सेवा का अधिक रुझान है। अन्य क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत है।

# भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड को लेकर सम्मान समारोह में पहुंचे धामी




**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए सीएम धामी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

## श्री राम सेवक सभा के सदस्य डॉ. किरण लाल साह का निधन

**नैनीताल ।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के सदस्य डॉ. किरण लाल साह का निधन हो गया है। बता दें कि मल्लीताल बाजार निवासी 72 वर्षीय डॉ. साह पुलिस विभाग में एसपी हरिद्वार से रिटायर हुए तथा समाज के कार्यों में लगातार सक्रिय रहे । उनके पुत्र अधिवक्ता हैं तथा एक पुत्री है। उनके निधन पर श्री राम सेवक सभा ने गहरा दुःख व्यक्त किया है । डॉ साह का अंतिम संस्कार सोमवार (आज) को सुबह किया जाएगा । उनके निधन पर मनोज साह अध्यक्ष, जगदीश चंद्र बवाड़ी महासचिव ,प्रबंधक बिमल चौधरी समेत अशोक साह,राजेंद्र बिष्ट ,विमल साह , पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत घनश्याम लाल साह, ललित साह, देवेंद्र लाल साह, गिरीश भट्ट ,हरीश सिंह राणा, मिथिलेश पांडे, आनंद सिंह बिष्ट सहित कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी व महासचिव डॉ विजय कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## एंटी ह्यूटमन ट्रैफिकिंग यूनिट की होटलों में छापेमारी,5 होटल मालिकों के खिलाफ की कार्रवाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रविवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के नेतृत्व में टीम ने पुलभट्टा और किच्छा क्षेत्र में स्थित होटलों में आकस्मिक छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान टीम को पांच होटलों में अनियमितताएं मिली। इस पर टीम प्रभारी ने होटल मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की। टीम की कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के होटल मालिकों में हड़कंप मच गया। टीम प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटलों में ग्राहकों की सिस्टम से एंट्री नहीं मिली। इसके साथ ही कर्मियों का सत्यापन नहीं कराया गया। बिना सत्यापन के होटल मालिकों ने कर्मचारी रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे भी नहीं मिले। होटल मालिकों पर मानको का पालन न करने का भी आरोप है। टीम प्रभारी ने बताया कि होटल मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है। साथ ही चेतावनी दी है कि दोबारा निरीक्षण के दौरान खामियां मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एएसआई नीरज सिंघल, सुरेश गिरी, गीता जोशी, प्रियंका आर्य,ममता मेहरा आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



**कार्रवाई**

- प्रभारी निरीक्षक ने पचास हजार रुपए का जुर्माने की कार्रवाई

# फिल्मी दुनिया

## पति परमेश्वर के साथ प्रीति जिंटा ने देखा विंबलडन फाइनल



*अभिनेत्री प्रीति जिंटा अपने पति जीन गुडइनफ के साथ रविवार को लंदन में हुए विंबलडन के फाइनल में पहुंची। अभिनेत्री ने इसकी कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति के साथ नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने मैच के दौरान की भी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें से कई तस्वीरों में प्रीति अपने पति जीन गुडइनफ के साथ पोज दे रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस पोल्का-डॉटेड नीली ड्रेस में नजर आईं। जबकि पति जीन सफेद शर्ट, नीले ब्लेजर और ट्राउजर में नजर आए। कुछ एक तस्वीरों में कपल अपने दोस्तों के साथ है, तो वहीं इस दौरान एक्ट्रेस ने अपनी एंजॉय करते हुए भी तस्वीरें शेयर की हैं। इस दौरान एक्ट्रस ने एक क्लिप शेयर की जिसमें वह लंदन की गर्मी से राहत पाने के लिए खुद को पंखा झलती नज़र आ रही थीं। तस्वीरें शेयर करते हुए प्रीति ने कैप्शन में लिखा, मेरे पति परमेश्वर और मेरी पसंदीदा लड़कियों के साथ यह वीकेंड मजेदार रहा। हमने टेनिस का एक शानदार मैच देखा। विंबलडन में पुरुषों का फाइनल देखना बहुत ही शानदार रहा। जैनिक सिनर को अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने के लिए बधाई और कार्लोस अल्कारेज आपने कड़ी टक्कर दी और हमें एक रोमांचक मैच दिया।*

### लाहौर 1947' में नजर आएंगी प्रीति

*वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रीति राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म 'लाहौर 1947' से बॉलीवुड में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म के जरिए प्रीति लगभग सात साल बाद स्क्रीन पर वापसी करने वाली हैं। इस फिल्म में सनी देओल, शबाना आजमी, अली फजल और करण देओल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।*

## सड़क हादसे में व्यापारी के शव का पोस्मार्टम करा कर पुलिस ने शव को परीजनों को सौंपा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीती देर रात हुए सड़क हादसे में व्यापारी के शव का पोस्मार्टम करा कर पुलिस ने शव को परीजनों को सौंप दिया है। इस घटना से परिजनों सहित इलाके में शोक की लहर दौड़ गई हल्दूचौड़ लालकुआं निवासी व्यापारी दीपक जोशी की बीती रात एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा बरेली रोड पर उस समय हुआ जब दीपक जोशी बाइक से सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने एसबीआई बैंक के सामने बने कट के पास उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक जोशी बाइक से उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस की मदद से उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उम्र 40 वर्षीय दीपक जोशी हल्दूचौड़ में बिजली की दुकान चलाते चला कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था और रोज की तरह रविवार को भी दुकान बंद करने के बाद लगभग 10 बजे रात को वह घर लौट रहे थे। दुर्भाग्यवश यह यात्रा उनकी अंतिम साबित हुई। दीपक अपने पीछे दो बेटियां, एक बेटा और पत्नी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जैसे ही यह दुखद समाचार परिवार तक पहुंचा, घर में कोहराम मच गया। आस-पास के लोगों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बने खतरनाक कट को लेकर भी प्रशासन से नाराजगी जताई और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों की मांग की है। पुलिस ने दीपक के शव का पंच नामा भरकर उसी शव को परिजनों को सौंप दिया और कार की तलाश शुरू कर दी है।

# नैनीताल में बढ़ती भीड़ से जूझ रहा सिस्टम, अब मसूरी की तर्ज पर रजिस्ट्रेशन की कवायद

**नैनीताल**

**अफज़ल हुसैन फौजी**

नैनीताल की वादियां जितनी खूबसूरत हैं, उतनी ही परेशानियां अब यहां आने लगे सैलानियों के साथ बढ़ती जा रही हैं। खासकर छुट्टियों और वीकेंड पर यहां इतनी भीड़ उमड़ती है कि शहर का पूरा सिस्टम चरमरा जाता है। ट्रैफिक जाम से लेकर पार्किंग की किल्लत तक, सबकुछ बेकाबू हो जाता है।



अब हालात इतने बिगड़ने लगे हैं कि मसूरी में शुरू हुए टूरिस्ट रजिस्ट्रेशन सिस्टम की तर्ज पर नैनीताल में भी ऐसा ही सिस्टम लागू करने की कवायत शुरू हो रही है। मसूरी के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (ञ्जष्ठक्च) ने एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है, जिसमें सैलानियों को ट्रैवल से पहले अपनी जानकारी देनी होती है—जैसे नाम, मोबाइल नंबर, गाड़ी का डिटेल, ठहरने की जगह और कितने दिन रुकेंगे. इससे प्रशासन को यह पता चल जाता है कि किस दिन कितने टूरिस्ट आने वाले हैं, ताकि ट्रैफिक, पार्किंग और इमरजेंसी व्यवस्था पहले से तैयार रखी जा सके। पर्यटन जानकार मानते हैं कि नैनीताल जैसे शहर के लिए यह सिस्टम अब ज़रूरी हो गया है. क्योंकि अचानक आने वाली भीड़ से न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि पार्किंग की भारी दिक्कत होती है. ऐसे में रजिस्ट्रेशन से पहले से अंदाजा लग जाएगा कि कितने लोग आ रहे हैं और होटल, ट्रैफिक और लोकल मैनेजमेंट को संभालने का प्लान तैयार किया जा सकेगा।



**कवायद**

● ट्रैफिक जाम से लेकर पार्किंग की दिक्कत

### चुनौतियां भी कम नहीं

हालांकि इसे लागू करना भी आसान नहीं होगा. नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट कहते हैं कि नैनीताल एक जिला मुख्यालय है. यहां हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और कई सरकारी दफ्तर हैं. रोज़ाना बहुत से लोग यहां काम के सिलसिले में आते हैं, और ऐसे में रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता से उन्हें दिक्कतें हो सकती हैं।

### सुविधाएं बढ़ें, रोक नहीं

तल्लीताल व्यापार मंडल के सचिव अमनदीप सिंह का कहना है कि सरकार को रजिस्ट्रेशन से पहले टूरिस्ट सुविधाएं बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए. हालांकि वह ये भी मानते हैं कि इससे सरकार को यह जानने में आसानी होगी कि शहर कितना भार झेल सकता है और आगे की प्लानिंग में मदद मिलेगी।

### फिलहाल सर्वे जारी है

इस बीच नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने जानकारी दी कि सरकार अभी प्रदेश के तमाम टूरिस्ट प्लेस का सर्वे करा रही है नैनीताल भी इस सर्वे में शामिल है. रिपोर्ट के आधार पर ही तय होगा कि यहां रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू होगा या नहीं।

---

**News कॉर्नर**

## नगर इकाइयों के चुनाव अगस्त अंत तक निपटा लें

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा से कहा है कि जुलाई – अगस्त तक उन सभी नगर इकाइयों के चुनाव संपन्न कर लिए जाएं जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है या होने वाला है। उन्होंने कहा है कि सितंबर के अंत में नवरात्रियां में प्रारंभ हो रही हैं त्योहारों के समय व्यापारियों को समय नहीं मिलता है ऐसे में हमें अपनी नगर इकाइयों के चुनाव 31 अगस्त तक संपन्न कर लिए जाने चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि हमारे कई महानगर एवं जिला मुख्यालय इकाइयों के चुनाव होने हैं। रुड़की , रानीखेत तथा बागेश्वर में भी सदस्यता अभियान प्रगति पर है साथ ही नैनीताल ,लाल कुआं एवं हल्द्वानी महानगर काशीपुर महानगर ,खटीमा, सितारगंज ,गदरपुर में चुनाव कराए जाने हैं। उन्होंने प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा से कहा कि इन दो महीनों में हमें उपरोक्त नगर इकाइयों के चुनाव संपन्न कराने जरूरी हैं इसके लिए वह जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी से संपर्क बनाएं।

---

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, घायल समेत तीन गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली की गाड़ी को टक्कर मारने और दरोगा पर तमंचा तान कर धमकाने के मामले में फरार तीन आरोपी पुलिस मुठभेंड में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया ।उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। तीनों आरोपी क्रेटा कार में सवार थे और बिलासपुर की ओर से आ रहे थे। पुलिस के मुताबिक शनिवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि दरोगा को तमंचे से धमकाने और सरकारी वाहन को टक्कर मारने वाले क्रेटा कार से शहर की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने रामपुर रोड एएन झा कालेज के पास घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की, मगर कार सवार प्रीत विहार की ओर भागे। पुलिस ने पीछा करते हुए बारादरी रोड पर कार को घेर लिया। पुलिस सूत्रों की मानें तो कार में सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जबाव में फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची। गोली रिशु श्रीवास्तव के लगी है। गिरफ्तार आरोपी एक दरिया नगर और दूसरा गदरपुर क्षेत्र धीमरखेडा का बताया जा रहा है। जब कि कार में चौथे आरोपी की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो चौथा आरोपी नाबालिग है,वह घायल बदमाश रिशु श्रीवास्तव के यहां काम करता है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई दीपक बहुगुणा, एसआई चंदन बिष्ट, एसआई प्रदीप कोहली, एएसआई नवीन जोशी, महेंद्र कुमार, प्रवीण गोस्वामी, गणेश धानिक, यशपाल मेहता, कृष्णा टम्टा आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



घायल बदमाश रिशु श्रीवास्तव निवासी यूपी के जिला हरदोई थाना बगाली ग्राम बड़ी अहेरी हाल किराएदार छत्तरपुर पंतनगर, वीरेंद्र साहनी उर्फ विक्की निवासी दरिया नगर रुद्रपुर, खुशनूर निवासी धीमरखेड़ा गदरपुर, पुलिस के मुताबिक घायल रिशु के खिलाफ हरियाणा, यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड में तमंचा दिखाकर लूटपाट छिनौती की घटनाओं के मामले हैं।

---

# पुलिस ने यूपी के दो नशे के सौदागर दबोचे,111.56 ग्राम स्मैक बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस का जनपद में नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान के तहत पुलभट्टा पुलिस ने एंटी ड्रग टास्क फोर्स के साथ कार्रवाई कर यूपी के दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

तस्करों के पास से 111.53 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस के मुताबिक थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर थाना पुलिस ने शनिवार शाम उत्तर प्रदेश की सीमा पर चेकिंग के दौरान बाईक नंबर यूपी 24 एएस 4424 को रोका तो उस पर सवार तस्कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर बाईक सवार दोनो तस्करों को पकड़ लिया। उन्होंने अपने नाम वीरेस कुमार,हरनाम निवासी भगवानपुर थाना बिनावर जनपद बदायूं उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों के पास से 111.53 ग्राम स्मैक बरामद कर ली।

पुलिस ने मोबाइल फ़ोन भी बरामद किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस नशा तस्करों की चेन के संबंध में पूछताछ कर रही है।



---

# आनंद प्रेम आश्रम से निकाली गई कलश यात्रा में विधायक शामिल हुए

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

श्री आनंद प्रेम आश्रम आदर्श कॉलोनी में सावन मास के प्रारम्भ होने पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा भी शोभायात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली। कलश यात्रा का जगह जगह आनंद प्रेम आश्रम के भक्तो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि आनंद प्रेमा आश्रम जिसकी रुद्रपुर शहर में बहुत पुराने समय से मान्यता है। पूरे देश में जगह जगह आश्रम है। आनंद प्रेम आश्रम समय-समय पर धार्मिक आयोजन करता रहता है। आज से आनंद प्रेम आश्रम में 14 जुलाई से 22 जुलाई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। उसकी पूर्व संध्या भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भव्य दिव्य झांकियां आकर्षण का केंद् रही। बताया गया कि 19 जुलाई को शिव पार्वती विवाह और 22 जुलाई को हवन में भंडारा के साथ आनंद प्रेम आश्रम में कार्यक्रम के समापन होंगे। शिव महापुराण कथा वृंदावन वाले आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज द्वारा की जाएगी। इस दौरान आयुष तनेजा, कमल पाल, सुनील यादव, विकास कुमार, मयंक कक्कड़, राहुल, विकास कुकरेजा, राजकुमार खनिजो, प्रेम आश्रम बाईजी, सुरेंद्र सिंह, राघव कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



---

# खैर के 80 से अधिक पेड़ों की अवैध कटान में गार्ड निलंबित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

चोरी से काटे गए पेड़ के मामले में गार्ड को निलंबित किया तबकी रेंजर को कार्यालय में सम्बन्ध की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि तराई केंद्रीय वन प्रभाग के हल्द्वानी रेंज में खैर के 80 से अधिक पेड़ों की अवैध कटान का मामला होने केबाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले में फॉरेस्ट गार्ड उमेश को निलंबित कर दिया गया है, जबकि रेंजर आनंद कुमार को विभागीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी रेंज के मोटाहल्दू क्षेत्र में लंबे समय से तस्कर खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे थे। धीरे-धीरे जंगल से 80 से अधिक खैर के पेड़ गायब हो गए। फॉरेस्ट गार्ड उमेश ने जब इसकी जानकारी रेंजर को दी, तो आरोप है कि रेंजर ने उसे मामले को दबाने को कहा। निलंबन से नाराज फॉरेस्ट गार्ड ने रेंजर से हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल कर दी, जो विभागीय ग्रुप से होते हुए उच्च अधिकारियों तक पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ यूसी तिवारी ने शुक्रवार को रेंजर आनंद कुमार को कार्यालय से अटैच कर दिया और एसडीओ मनिंदर कौर को जांच सौंप दी है। रिपोर्ट जल्द सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। डीएफओ ने फॉरेस्ट गार्ड के निलंबन की पुष्टि की है, लेकिन कॉल रिकॉर्डिंग की जानकारी से इनकार किया है। उधर, रेंजर आनंद कुमार का कहना है कि उन्होंने गार्ड से आरोपियों को पकड़ने की तैयारी करने को कहा था और जांच में सभी तथ्य स्पष्ट हो जाएंगे।

---

### सूचना

मेरा हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक-23100872 वास्तव में कहीं खो गया। – **भूमिका वर्मा पुत्री कैलाश चन्द्र वर्मा, आवास-विकास कालोनी, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

---

# हैप्पीनेस वुमेंस कलेटिव समूह आर्ट ऑफ लिविंग ने कराया रुद्रपूजा का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हैप्पीनेस वुमेंस कलेटिव समूह आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा रविवार को रूद्रपूजा का आयोजन गोवर्धन कीर्तन हॉल में शहर भर के गणमान्य और भक्तजनों के साथ किया गया।

इससे पूर्व आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी मुक्तानंद, वेद पंडित श्याम उपाध्याय,रवि तिवारी एवम् पूजा समन्वयक उमा गुप्ता द्वारा पूजन तथा रुद्रम मंत्रोच्चारण किया गया तत्पश्चात डिंपल जोशी ने अपनी टीम के साथ कई शिव भजन द्वारा उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा में पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, विधायक सरिता आर्य समेत त्रिभुवन त्रिपाठी, ईशा साह,आशा शर्मा, मंजू कोटलिया सहित गणमान्यजनों व कई समाजसेवी संस्था के प्रमुखों और भक्तजनों ने शिवतत्व महसूस करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के सफल आयोजन में संस्था की रेश्मा टंडन, सुनीता वर्मा, आशा, संगीता साह, प्रेमलता, सिमी अरोड़ा, मंजू नेगी, सोनी अरोरा, कविता जोशी, शिखा साह, कामना कंबोज, बीना शर्मा, कविता गंगोला, ज्योति मेहरा, पूजा शाही, पूजा मल्होत्रा, उमा कांडपाल, वैशाली बिष्ट, किरण टंडन, रमा तिवारी, संध्या तिवारी, मंजू बिष्ट, विमला कफ ल्टिया, वंदना मेहरा, ममता गंगोला, कविता सनवाल,रीना सामंत, श्वेता अरोड़ा, नेहा डालाकोटी, मधु बिष्ट, निमी,सोमा शाह, गौरव का योगदान रहा। इसके साथ ही पवन टंडन, रणजीत सिंह, सुधीर वर्मा, दलबीर सिंह, प्रदीप साह,दीपक गुप्ता तथा जे के साहनी का विशेष सहयोग रहा।

